पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चंचल प्रथम

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में रसायन विज्ञान विभाग की केमिकल सोसायटी द्वारा केमिस्ट्री कार्निवल का आयोजन किया, जिसमें अलंकरण प्रतियोगिता, चित्र प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता सम्मिलित रही। अलंकरण प्रतियोगिता में रेखा, निशा, सुषमा, अनीता व ज्योतिका की टीम सी ने पहला स्थान, रवीना, नीरज, तन्नू, भारती, पूजा की टीम बी और गोमती, कीर्ति, प्रीति, मनिता, सचिन की टीम ए ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, रसायन विज्ञान के छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोर्ट्रेट और पोस्टर प्रतियोगिता में चंचल ने पहला, संगीता ने दूसरा और निकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोर्ट्रेट मेकिंग के स्केच में सीमा ने पहला, मोनिका ने दूसरा और मेघा ने तीसरा स्थान हासिल किया। विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संवाद

कैमिस्ट्री कार्निवल: एम.एससी. के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग, विजेता सम्मानित

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में आयोजित प्रतियोगिता के सम्मानित विजेता स्टाफ के साथ, (दाएं) प्रतियोगिता में पोस्टर पेश करती छात्राएं। (वधवा)

रेवाड़ी, 15 अप्रैल (वधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में रसायन विज्ञान विभाग की कैमिकल सोसायटी द्वारा 'कैमिस्ट्री कार्निवल' का आयोजन किया गया, जिसमें अलंकरण, चित्र व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शामिल रही।

विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी उनकी प्रेरणा को बढ़ाती है और उन्हें विभिन्न पाठ्यक्रम में तलाशने के लिए प्रेरित करती है। एम.एससी. के छात्र-छात्राओं ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अलंकरण प्रतियोगिता के निर्णय में रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर एवं एसोसिएट प्रो. डॉ. करण सिंह शामिल रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अलंकरण प्रतियोगिता में छात्राओं ने 3 टीमों में भाग लिया। अलंकरण में रेखा, निशा, सुषमा, अनीता व ज्योतिका की टीम सी ने पहला, रवीना, नीरज, तन्नू, भारती, पूजा की टीम बी और गोमती, कीर्ति, प्रीति, मनिता, सचिन की टीम ए ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त रसायन विज्ञान के छात्रों को उनके विषय के ज्ञान से जोड़ने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

पोंट्रेट और पोस्टर प्रतियोगिता में जज की भूमिका में कर्मवती यादव, मीनाक्षी और निशा यादव रहीं। इसमें चंचल ने पहला, संगीता ने दूसरा और निकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पोंट्रेट मेकिंग के स्कैच में सीमा ने पहला, मोनिका ने दूसरा और मेघा ने तीसरा स्थान हासिल किया। विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने टीम के सदस्यों और एकल विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में उपयोग बारे दी जानकारी

अंत में डॉ. रश्मि पुंडीर ने इस सत्र में शामिल होने पर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने पाठ्यक्रम की गतिविधियों के महत्व को भी जोड़ा। उन्होंने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन और प्रबंधन करने पर लक्ष्मी (कोषाध्यक्ष, कैमिकल सोसाइटी) और कैमिकल सोसाइटी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

आइजीयू मीरपुर में रसायन विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ स्टाफ सदस्य • सौ. पीआरओ

जागरण संवाददाता, रेवाड़ी: इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में रसायन विज्ञान विभाग की केमिकल सोसायटी द्वारा 'केमिस्ट्री कार्निवल' का आयोजन किया, जिसमें चित्र बनाओ, पोस्टर बनाओ व अलंकरण आदि प्रतियोगिताएं हुईं। एमएससी के छात्र-छात्राओं ने सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। अलंकरण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. रश्मि पुंडीर एवं एसोसिएट प्रोफेसर डा. करण सिंह शामिल रहे, जिसमें रेखा, निशा, सुषमा, अनीता व ज्योतिका की टीम सी ने पहला स्थान, रवीना, नीरज, तन्नू, भारती, पूजा की टीम बी और गोमती, कीर्ति, प्रीति, मनिता, सचिन की टीम ए ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पोर्ट्रेट और पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कर्मवती यादव, मीनाक्षी और निशा यादव ने निभाई, इसमें चंचल ने पहला, संगीता ने दूसरा और निकिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोर्ट्रेट मेकिंग के स्केच में सीमा ने पहला, मोनिका ने दूसरा और मेघा ने तीसरा स्थान हासिल किया। विभागाध्यक्ष डा. रश्मि पुंडीर ने टीम के सदस्यों और एकल विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

PHYSICAL CHEMISTRY
THINK LIKE
PROTON
KEEP